**KRISHI VIGYAN KENDRA-KOTPUTLI, JAIPUR**
**DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION**
**SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY**
**JOBNER, JAIPUR (RAJASTHAN)**

भाकृअनुप
ICAR

**Lt. Col (Dr.) S.S. Shekhawat**
**Senior Scientist & Head**

**Email: pc.kvk.gonera@sknau.ac.in**
**Mobile No. 9408660365**


No. KVK/KTP/2025/138 Dated: 21.8.2025

## सीमित निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, गोनेड़ा पर निम्न प्रकार के बैनर की प्रिंटिंग का कार्य कराने हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01.09.2025 को 11:00 बजे तक स्वीकार की जाएगी तथा उसी दिन मध्यान्ह् 12:30 बजे कमेटी के समक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र पर खोली जाएगी।

अधोहस्ताक्षरकर्ता निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार रखता है। अनुमानित बैनर प्रिंटिंग की मात्रा को कम या अधिक किया जा सकता है। निविदा **प्रपत्र "अ"** में भरकर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जमा करावें।

| क्र. सं. | बैनर का प्रकार | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1. | साधारण | 150 | 32,000 |
| 2. | स्टार | 50 | 13,000 |

नियम एवं शर्तें:—

1. आपूर्तिकर्ता का बैंक में खाता होना आवश्यक है।
2. आपूर्तिकर्ता को भुगतान चैक/NEFT के माध्यम से किया जाएगा तथा किसी प्रकार से नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। फर्म को कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा
3. अनुमोदित सैंपल के अनुसार कार्य संपादित करना होगा।
4. वस्तु की मात्रा में वृद्धि या कमी की जा सकती है।
5. यह निविदा सितम्बर 2025 से अगस्त 2026 तक वैध होंगी।
6. सरकारी नियमानुसार जी.एस.टी./अन्य शुल्क आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन की जाएगी।

सुपर्णा सिंह
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित:—

1. वित्त नियंत्रक
2. CIMCA श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु।
3. लेखा शाखा, कृषि विज्ञान केन्द्र,गोनेड़ा
4. रक्षित पत्रावली

सुपर्णा सिंह
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

**बैनर बनवाने हेतु सीमित निविदा प्रारूप एवं अन्य शर्तें:**

**प्रपत्र "अ"**

| क्र. सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म का जी.एस.टी. नंबर | |
| 3. | बैंक खाता संख्या | |
| 4. | आई.एफ.एस.सी. कोड | |
| 5. | पैन कार्ड नंबर: | |

| क्र.सं. | बैनर का प्रकार | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत (रुपये) | दर प्रति वर्ग फुट सभी करों सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | साधारण | 150 | 32,000.00 | |
| 2. | स्टार | 50 | 13,000.00 | |

## निविदा की शर्तें

1. सीमित निविदा सुचना में प्रकाशित शर्तें राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में उल्लेखित नियम -68 एवं वित्र विभाग, राजस्थान की अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 की शर्ते निविदा का भाग मानी जाएगी।

2. बैनर टेण्डर की आपूर्ति कृषि विज्ञानं केंद्र गोनेडा- कोटपूतली पर करनी होगी।

3. सीमित निविदा प्रपत्र के साथ सलग्न प्रपत्र "अ" मे बैनर टेण्डर हेतु निविदाता अपनी दरें दर्शाए। कृषि विज्ञानं केंद्र गोनेड़ा, कोटपूतली के प्रपत्र के प्रारूप के अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज पर दी गई दरें मान्य नहीं होगी।

4. सीमित निविदा मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी, जिस पर बैनर टेण्डर के क्रय के लिए सिमित निविदा" लिफाफे पर अंकित होनी चाहिए।

5. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलो का भुगतान संबंधित फर्म द्वारा संतोषप्रद होने की पुष्टि होने पर ही किया जायेगा।

6. सीमित निविदाता को किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। कार्य आपूर्ति संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

7. सीमित निविदाता बोली प्रपत्र की शर्तो के प्रतेक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा।

8. सीमित निविदा प्रपत्र में किसी प्रकार की कांट छांट/ओवर राइटिंग नहीं होनी चाहिए।

09. यह निविदा एक वर्ष (सितम्बर 2025 से अगस्त 2026) तक वैध होंगी।

10. भुगतान संबंधित निविदादाता को बैंक खाते में ऑनलाइन या चैक द्वारा सीधा ही किया जायेगा।

11. सफल निविदादाता के समय पर सामान आपूर्ति नहीं करने पर या कार्य संतोषजनक नहीं करने पर अधोहस्ताक्षर को यह अधिकार होगा की अनुमोदित फर्म द्वारा हर्जे खर्चे पर पेनल्टी सहित अन्य व्यवस्था द्वारा क्रय अन्य फर्म से कर सके तथा पिछले आपूर्ति किये सामान का भुगतान नहीं किया जायेगा।

12. बोली प्रपत्र दिनांक **01.09.2025** को प्रातः **11:00** बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर **12:30** बजे कमेटी के समक्ष खोले जायेंगे, देरी से प्राप्त निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. किसी भी उतपन्न विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र कोटपूतली बहरोड राजस्थान होगा

सुपर्णा सिंह

वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष
कृषि विज्ञानं केंद्र गोनेड़ा , कोटपूतली

मेने/ हमने उपरोक्त सभी शर्तो को सावधानी पूर्वक पद लिया हे एवं समझ लिया हे तथा में/ हम उपयुक्त समस्त शर्तो से प्रतिबंधित रहूंगा/ रहेंगे

निविदा दाता के हस्ताक्षर